हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 28 अक्टूबर, 2025

12 बीमा कंपनियों पर मनमानी का आरोप, किसानों ने...



11 मूल रकम पर लगाया दोगुना ब्याज, कार्रवाई की मांग



## खबर संक्षेप

### डोडा पोस्त तस्करी में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना जाखल पुलिस ने डोडा पोस्त तस्करी प्रकरण में मुख्य आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान सूरज उर्फ सागर पुत्र दारा सिंह, निवासी कुंदनी हेड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि यह कार्रवाई 24 अक्टूबर को दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में की गई है। इस मामले में 24 अक्टूबर को अपराध जांच शाखा, टोहाना की टीम ने दो आरोपियों वंशप्रीत उर्फ अंशु पुत्र सुखविंद्र सिंह और आकाशदीप उर्फ आकाश पुत्र दर्शन सिंह, दोनों निवासी कुंदनी हेड को गिरफ्तार किया था।

### हमला करने के मामले में तीन युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जमीनी विवाद के चलते हुए झगड़ा करने के मामले में थाना जाखल पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान अमर सिंह पुत्र बलविंद्र सिंह, हरविंद्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह और सुखदेव सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी लहराथेह के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि यह कार्रवाई 25 अक्टूबर को दर्ज मामले में की गई है। यह मुकदमा शिकायतकर्ता गुरदेव सिंह पुत्र अर्जन सिंह निवासी लहराथेह की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

### गौशाला से दान पात्र चोरी करने वाला युवक काबू

**फतेहाबाद।** गौशाला से दान पात्र चोरी करने के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरजीत सिंह पुत्र हरमेश राज निवासी धनेठा, जिला पटियाला के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि पुलिस चौकी कुलां में तैनात एएसआई देवेंद्र सिंह को शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता रणजीत सिंह, पुत्र जगदीप सिंह, निवासी धारसूल कलां, जो बाबा श्यामपुरी आदर्श गौशाला, धारसूल कलां में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया कि 13-14 अगस्त की रात गौशाला से एक अज्ञात व्यक्ति ने दान पात्र चोरी कर लिया, जिसमें लगभग 8 हजार रुपये थे।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग फ्रॉड का दूसरा आरोपी काबू

**सिरसा।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी पुष्पेंद्र भगौर निवासी उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि शिकायतकर्ता जयभगवान निवासी सेक्टर-19, हुडा ने टेलीग्राम एप पर अकाउंट के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार होने की शिकायत की थी। आरोपी ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर शिकायतकर्ता और उसके दोस्तों से 4,55,000 रुपए निवेश के रूप में ठग लिए। जब शिकायतकर्ता ने पैसे वापस मांगे, तो टैक्स के नाम पर 6 लाख और भेजने की मांग की गई।

### प्रदूषण मुक्त खेती समय की जरूरत : सीजेएम

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदूषण मुक्त खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हार्वेस्टिंग हार्मोनी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता तथा कृषि विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से जागरूकता शिविरों में भाग ले रहे हैं। यह अभियान किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण रहित खेती के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए चलाए जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और पराली के उचित प्रबंधन के लाभ बताए जा रहे हैं।

## 10 साल से टूटी पड़ी है नेशनल हाइवे-9 की सड़क, पैच वर्क बने हादसों का कारण

# सीएम आगमन को लेकर नेशनल हाइवे पर हो रही लीपापोती

■ शहर से गुजर रहे नेशनल हाइवे-9 की सड़के पिछले 10 सालों से जर्जर हालात में पड़ी अब मुख्यमंत्री के दौरे के चलते विभाग पेच वर्क के नाम पर खाना पूर्ति करने में जुटा है ओ भी आधी-अधूरी

नेशनल हाइवे सडक़ पर चल रहा पैच वर्क का काम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर से गुजर रहे नेशनल हाइवे-9 की सडक़ें पिछले 10 सालों से जर्जर हालात में पड़ी हुई है। हालात यह है कि अब यहां पर वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया है। आगामी 31 अक्टूबर को सीएम नायब सिंह सैनी के फतेहाबाद दौरे को लेकर लोक निर्माण विभाग सडक़ों पर लीपा-पोती तो कर रहा है लेकिन वह भी सही ढंग से नहीं हो पा रही। दरअसल, हाइवे की सडक़ें नया बस स्टैण्ड से लेकर सिरसा रोड पर नई अनाज मण्डी तक जगह-जगह टूटी हुई हैं। विभाग आनन-फानन में यहां पैच लगाने का काम कर रहा है लेकिन इतनी लंबी सडक़ पर मात्र कुछ फुट का पैच लगाने से गड्ढे जस के तस पड़े हुए हैं। यानि कि कोई वाहन गुजरता है तो झटकोले लगने तय हैं। विभाग सीएम के दौरे को लेकर सडक़ें दुरूस्त करने के नाम पर मात्र औपचारिकता ही पूरी कर रहा है जिसको लेकर शहरवासियों में भी खासा रोष है।

पिछले अनेक सालों से नेशनल हाइवे, थाना रोड, पुरानी तहसील चौक, डीएसपी रोड, शिव चौक, अनाज मण्डी के पीछे, बीघड़ रोड, रतिया चुंगी रोड व विचार आश्रम रोड की सडक़ें जर्जर हालात में पड़ी हुई हैं। यहां से वाहन गुजरता है तो पत्थर हवा में उडक़र दुकानों में जा टकराते हैं। शहरवासी लंबे समय से इन सडक़ों को दुरूस्त करने की मांग कर रहे थे। सबसे खस्ता हालत में नेशनल हाइवे की सडक़ें है। हिसार रोड पर गांव धांगड़ पुल के पास से शहर को आने वाली सडक़ सिटी रोड के नाम से जानी जाती है। यह सडक़ सिरसा रोड पर अतिरिक्त अनाज मण्डी तक लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती है जबकि हिसार से सिरसा बाईपास को जाने वाली सडक़ नेशनल हाइवे अथोरिटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत आती है। फ्लाईओवर बनने से पहले शहर से गुजर रही सडक़ की रखरखाव का जिम्मा एनएचएआई का था। जब से एनएचएआई से यह लोक निर्माण विभाग के पास शिफ्ट हुई है, तब से इस सडक़ का निर्माण नहीं हुआ। सडक़ के बीचों-बीच फुटपाथ तो नगरपरिषद ने बना दी लेकिन सडक़ को लेकर कोई विभाग अपनी जिम्मेवारी नहीं ले रहा। अब 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन पर रन फॉर यूनिटी में भाग लेने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां हाइवे पर पंचायत भवन से दौड़ शुरू करेंगे जोकि रतिया रोड पर एमएम कॉलेज में जाकर सम्पन्न होगी। इसी को लेकर लोक निर्माण विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। विभाग द्वारा नेशनल हाइवे पर टूटी हुई सडक़ पर तारकोल व बजरी के मिक्सचर गिराकर लीपा-पोती की जा रही है। दरअसल, यहां पूरी सडक़ ही टूटी हुई है। ऐसे में बीच-बीच में पैच लगाने से हादसे होने



**फतेहाबाद।** रतिया मोड़ पर टूटी सडक़। **फोटो : हरिभूमि**

### लापरवाही का बर्दाश्त नहीं

सड़कों पर पैच वर्क का काम में लापरवाही अब मेरे संज्ञान में आई है। विभाग को सडक़ मुरम्मत कार्य को गंभीरता से लेना चाहिए। वह इस मामले में शीघ्र ही लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता से बात करेंगे।
-प्रवीण जोड़ा, बीजेपी जिलाध्यक्ष





**सिरसा।** मेडिकल संचालक से लूट मामले में पकड़े गए आरोपी।

## लूट की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

# मेडिकल संचालक से हुई लूट मामले में तीन और गिरफ्तार

» पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ किया था मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

पुलिस ने मंडी कालांवाली में मेडिकल संचालक से हुई लूट की वारदात को सुलझाते हुए तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी कालांवाली सुरेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपियों की पहचान गुरदीप सिंह पुत्र जंटा सिंह निवासी कुरगावाली, सोनी पुत्र रूलदू सिंह निवासी कुरगावाली व सूरज पुत्र जगननाथ सेक्टर 15 जिला सिरसा हाल मंडी कालांवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जसदीप सिंह उर्फ जस्सी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में जसदीप सिंह ने बताया कि अज्ञात लोग दवा लेने के बहाने दो अक्टूबर को उसके मंडी कालांवाली स्थित मेडिकल में घुस आए और उससे डरा धमका कर उससे 14 हजार रुपये नगद व उसका मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कालांवाली थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### सीसीटीवी फुटेज से मिली कामयाबी

पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए सीसीटीवी फुटेज की सहायता से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। इसके अलावा पुलिस ने ड्रग विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मंडी डबवाली में एक मेडिकल स्टोर प्रतिबंधित दवा मिलने पर सील कर दिया है। सीआईए प्रभारी डबवाली राजपाल ने बताया कि मेडिकल नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते पुलिस टीम ने औषधि नियंत्रण अधिकारी के साथ मिलकर प्रीत मेडिकल स्टोर पर रेड की। इस दौरान नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल बरामद कर मेडिकल को सील किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा निरंतर मेडिकल एसोसिएशन एवं दवा विक्रेताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस का सहयोग करने को कहा जा रहा है ताकि दवा विक्रेता नशीली गोलियों को बिना किसी डाक्टरी सलाह एवं पर्ची के किसी को भी न दें।

## रन फॉर युनिटी को सीएम दिखाएंगे हरी झंडी, तैयारियां तेज

# मुख्यमंत्री दौरे की तैयारियों को लेकर बीजेपी भिरडाना मंडल की बैठक, लगाई गई ड्यूटियां

■ लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में फतेहाबाद में आयोजित रन फॉर युनिटी को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सीएम के फतेहाबाद दौरे को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और सीएम का यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बीजेपी भिरड़ाना मंडल की बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस फतेहाबाद में मंडल अध्यक्ष संदीप भोडिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर मंडल प्रभारी एवं जिला सचिव निर्मल सिंह ने भाग लिया। बैठक में विशेष तौर पर बीजेपी जिला उपाध्यक्ष एवं मार्केट कमेटी फतेहाबाद के वाइस चेयरमैन इन्द्र गावड़ी, जिला उपाध्यक्ष भीम लाम्बा, महामंत्री राजेन्द्र, भगवान पूनियां, धनंजय अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष भूप सिंह सिगड़, सरपंच एसोसिएशन प्रधान व शक्ति केन्द्र प्रमुख गुरभेज सिंह, संजय सरपंच दौलतपुर, परमवीर सरपंच करनौली, कुकड़ांवाली सरपंच एवं बूथ प्रमुख रामलाल, अजमेर दौलतपुर, देवराज बूथ प्रमुख अकांवाली, सुभाष इंदौरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हवा सिंह, हरीश, गोपीराम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा करते बीजेपी भिरड़ाना मंडल के पदाधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

### बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग की अपील

**फतेहाबाद।** इस वर्ष 2 नवंबर को देवउठयानी एकादशी का शुभ मुहुर्त है। सामाजिक प्रथा अनुसार इस अवसर पर लोगों द्वारा बड़ी संख्या में विवाह/शादियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें बाल विवाह का आयोजन करने की भी संभावना ज्यादातर बनी रहती है। ऐसे में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार लडक़ी की शादी 18 वर्ष व लडक़े की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है, तो यह कानूनन अपराध है। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाती है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपये तक के जुर्माने का भी प्रावाधान है।

## जांच अधिकारी पर दो माह तक मामला दबाए रखने के आरोप

# दहमान में संदिग्ध मौत : पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा मृतक ने पी रखी थी शराब, एक आरोपी काबू

■ मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

क्षेत्र के दहमान गांव में दो महीने पहले हुई संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस केस में आरोपी रवींद्र उर्फ रवि निवासी कुलां को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। भूना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि 12 अगस्त को दहमान निवासी 55 वर्षीय चांदीराम सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। मृतक के बेटे जोतराम ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी। शव का पोस्टमॉर्टम एमएएमसी अग्रोहा में कराया गया था। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। मेडिकल और एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद मामले ने नया मोड़ लिया। रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि मृतक के साथ झगड़ा और मारपीट हुई थी, जिसके चलते उसे सीने में गंभीर चोट लगी। चोट से उत्पन्न जटिलताओं और शराब के सेवन के कारण उसकी मौत हुई। इस आधार पर पुलिस ने 26 अक्टूबर को दो आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 333, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। इधर, मृतक के भाई गरीबदास ने आरोप लगाया है कि जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रामपाल ने पूरे मामले को दो महीने तक दबाए रखा और उच्च अधिकारियों को गुमराह किया। गरीबदास ने कहा कि यदि शुरू से निष्पक्ष जांच होती, तो आरोपी पहले ही सलाखों के पीछे होते।

### जांच अधिकारी ने नकारे आरोप

जांच अधिकारी रामपाल ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में किसी ने भी झगड़े या मारपीट की शिकायत नहीं दी थी। मृतक शराब के नशे में था, इसलिए मामला संदिग्ध मानकर पुलिस ने क्रमिक लेखांकन किया था। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद उचित साक्ष्यों के आधार पर अब मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पूरी घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## पीड़ित ने की थी पुलिस से शिकायत

# छात्रा को मोबाइल फोन पर धमकी देने वाला गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सिरसा के एक निजी शिक्षण संस्थान की एक छात्रा को मोबाइल फोन पर परेशान करने व धमकी देने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि जेसीडी डेंटल कॉलेज सिरसा की छात्रा जो बीडीएस की अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। पीड़ित छात्रा ने सिविल लाइन थाना सिरसा में 14 अक्टूबर लिखित में एक शिकायत दी थी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2019 में मोहाली में पढ़ाई के दौरान उसकी पहचान अंशुल निवासी कसौली, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) से हुई थी। और अब वह सिरसा में रहकर जेसीडी डेंटल कॉलेज में बीडीएस की पढ़ाई कर रही है। काफी समय से मेरी अंशुल के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही थी । लेकिन अब आरोपी पिछले कुछ समय से बार-बार फोन कर परेशान करने लगा और बात न करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायत के आधार पर पीड़िता का बयान दर्ज किया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**अलर्ट** फतेहाबाद पुलिस सिम बेचने वालों के खिलाफ हुई सख्त, सड़कों पर चेकिंग

# सड़कों पर सिम बेचने वालों पर कार्रवाई अस्थायी सिम विक्रेताओं को हटाया

पुलिस टीम ने क्षेत्र की सड़कों पर घूमकर कई स्थानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिलेभर में मोबाइल सिम बेचने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस और थाना सदर रतिया पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में सघन चेकिंग की।

थाना शहर फतेहाबाद में यह कार्रवाई पीएसआई सतीश के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने क्षेत्र में घूमकर उन स्थानों पर निरीक्षण किया, जहां बिना अनुमति या अस्थायी रूप से सिम बिक्री की जा रही थी। थाना सदर रतिया पुलिस ने भी अपने क्षेत्र में मोबाइल सिम बेचने वालों की जांच की और सभी विक्रेताओं को निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए हिदायत दी कि बिना अनुमति सिम बेचने का कार्य न करें। पीएसआई सतीश ने बताया कि अभियान के दौरान कई सिम विक्रेताओं को चिन्हित किया गया जो बिना पक्के स्टॉल या अस्थायी छतरियों के नीचे सिम बेचने का कार्य कर रहे थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर उनसे पूछताछ की और उन्हें पोस सिम संबंधी नियमों, उच्चाधिकारियों के आदेशों एवं दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही, उन्हें भविष्य में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही बिक्री करने की हिदायत दी गई। पुलिस टीम ने मौके से सभी अस्थायी छतरियां हटवा दीं और विक्रेताओं से प्रोफॉर्मा के अनुसार आवश्यक रिकॉर्ड जमा करवाने की कार्रवाई की। यह रिकॉर्ड आगे जांच के लिए संकलित किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी सिम गलत तरीके से जारी न हो।



**फतेहबाद।** अस्थायी सिम विक्रेताओं को हटाते पुलिस कर्मचारी।

### कार्रवाई रहेगी जारी

एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जिससे फर्जी सिम, साइबर ठगी और अपराध में उपयोग होने वाले मोबाइल कनेक्शन पर पूर्ण नियंत्रण रखा जा सके। साथ ही, पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही सिम कार्ड खरीदें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि साइबर अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## एसपी ने रिहायशी परिसर व डायल 112 वाहनों का निरीक्षण कर दी सख्त हिदायतें

# कोई भी पुलिस कर्मचारी ड्यूटी के दौरान शराब का सेवन न करें, हर कॉलर से सम्मानजनक व्यवहार रखें : एसपी



फतेहाबाद। डायल 112 वाहनों का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिसार रोड स्थित पुलिस लाइन सोमवार सुबह पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जनरल परेड की सलामी लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन और प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन ही पुलिस सेवा की आत्मा है। एक अनुशासित पुलिस बल ही जनता का विश्वास अर्जित कर सकता है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस अपने समर्पण और सजगता के दम पर जिले में शांति और कानून-व्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनी हुई है। निरीक्षण के उपरांत एसपी ने पुलिस लाइन स्थित रिहायशी परिसर का भी दौरा किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों के आवास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पुलिसकर्मियों को बेहतर रहने का वातावरण मिले, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक उत्साह और निष्ठा से कर सकें।

*▶▶ निरीक्षण के उपरांत एसपी ने पुलिस लाइन स्थित रिहायशी परिसर का भी दौरा किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों के आवास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पुलिसकर्मियों को बेहतर रहने का वातावरण मिले, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक उत्साह और निष्ठा से कर सकें।*

### एसपी ने दी हिदायतें

एसपी हिदायत दी कि कोई भी कर्मी ड्यूटी के दौरान शराब का सेवन न करे और हर कॉलर से संवेदनशील, मैत्रीपूर्ण और सम्मानजनक व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं कानूनी समाधान सुनिश्चित करे। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक जगदीश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### पीसीआर वाहनों का भी निरीक्षण किया

इसी क्रम में एसपी जैन ने जिलेभर की ईआरबी, राइडर और पीसीआर वाहनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कानून-व्यवस्था संभालने वाली टीमों से संवाद करते हुए डायल 112 की आपातकालीन कार्यप्रणाली, सायरन और उपकरणों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जहां कहीं भी कमियां पाई गई, वहां संबंधित टीमों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और भविष्य में पूर्ण सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश दिए गए।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित

रानियां। जीवन नगर मार्ग पर स्थित दी गुरुकुल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को निजी स्कूल संचालकों की एक बैठक हुई। इस बैठक में फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन हरियाणा के उप प्रधान डॉ. अमित मेहता ने शिरकत की और उनके नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान सुखराज सिंह जोसन द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन में ब्लॉक की नई कार्यकारिणी में जोबनदीप सिंह उपप्रधान, रमेश झोरड़ उपप्रधान, लक्ष्मीनारायण सचिन, नवदीप सिंह सहसचिव, प्रिंस कंबोज कोषाध्यक्ष, हरजिंद्र सिंह लीगल एडवाइजर, सुभाष सहारण प्रेस प्रवक्ता, दर्शन सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप



### क्रिकेट प्रतियोगिता में अपेक्स स्कूल अव्वल

फतेहाबाद। सतीश कालोनी स्थित अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल के दो खिलाडियों कक्षा नौंवी के प्रणय एवं 11वीं के परीक्षित ने हरियाणा राज्य अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता में अपनी खेल-दक्षता और संतुलित खेल-शैली का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को विशिष्ट सम्मान दिलाया है। विद्यालय के प्राचार्य श्री उमंग कक्कड़ ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता और खेल प्रतिभा के संवर्धन के लिए निरंतर समर्पित है। उन्होंने दोनों खिलाडियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

### वर्चुअल लैब ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

सिरसा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) डिंग में पांच दिवसीय वर्चुअल लैब ट्रेनिंग कार्यक्रम सोमवार से शुरू हुआ। डाइट प्रवक्ता डॉ. विनोद भट्टू ने बताया कि कार्यशाला के प्रथम दिवस उपस्थित प्रवक्ताओं से कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हुए, पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ शिक्षा अधिगम के वर्चुअल माध्यमों से अवगत करवाना है। डॉ. सतबीर न्योल, दलीप गोदारा, राकेश मोहन, पवन कनोजिया, सज्जन फौजी आदि रहे।

## समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनी नागरिकों की शिकायतें

# मूल रकम पर लगाया दोगुना ब्याज, कार्रवाई की मांग

25. नेशनल हाइवे 9 पर अवैध कटों को तुरंत बंद कर सम्बंधित के खिलाफ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में सोमवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उन पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि लघु सचिवालय परिसर में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल से आरंभ किए गए।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में फरियादियों ने लगाए ये आरोप

समाधान शिविर में प्रदीप ने बिजली विभाग से संबंधित मामले में राशि रिफंड करवाने, बहबलपुर निवासी कविता रानी ने मूल रकम का दौगुना ब्याज लगाकर भुगतने वाली फाइनेंस कंपनी के कार्रवाई करने, धांगड़ निवासी सुखदेव ने रंग रोगन का फर्जी बिल लगाकर राशि में बड़े स्तर पर धांधली करने, शेखुपुर सौतर निवासी कशमीर सिंह ने जमीन नाम करने संबंधी, गोरखपुर निवासी राजेद्र कुमार ने चोरी हुए दो सौर ऊर्जा प्लेट दिलवाने, सतीश ने मोगे को हटवाने, धांगड़ निवासी सलवती ने मैरिज सर्टिफिकेट संबंधी तथा सुमन देवी ने बिजली के ट्यूबवैल कनेक्शन संबंधी अपनी शिकायत रखी। इस मौके पर टोहाना एसडीएम एसडीएम आकाश शर्मा, आरटीए सचिव संजय बिश्नोई, फतेहाबाद एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी कुलवंत सिंह, जगदीश राय शर्मा, डीईओ संगीता बिश्नोई, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तुली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ स्थायी समाधान करें



सिरसा। शिवरि में आजमन की शिकायतें सुनते डीसी।

सिरसा। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सोमवार को उपायुक्त शांतनु शर्मा ने आमजन की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। सोमवार को जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में 21 शिकायतें आई। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों का आयोजन करने का मकसद नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीरता से कार्यवाही करें और जो भी समस्याएं समाधान शिविर में आती हैं, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करें, ताकि आमजन को असुविधा न हो और सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का तत्परता से निवारण करवाएं। इस दौरान डीडीपीओ बलजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। भारत टुटेजा के भजनों पर झूमने अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

## गुरुकृपा मंडल का वार्षिक उत्सव

# 'चलो दरबार मां दे, कर लो दीदार मां दे' भजन पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गुरुकृपा मंडल का वार्षिक उत्सव के अवसर पर दो दिवसीय 'बांके बिहारी भजन संध्या' का आयोजन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला में किया गया। इस दौरान मंडल के प्रधान भारत टुटेजा, दीपक सरदाना, महेंद्र मदान ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पहले दिन समारोह में भजन गायक ईश मेहता ने माता रानी की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगरपरिषद उपप्रधान सविता टुटेजा उपस्थित रही। ईश मेहता ने सुंदर भजनों से माता रानी की महिमा का गुणगान किया।

### प्रसाद किया वितरित

'चलो दरबार माँ दे, कर लो दीदार माँ दे, अज मैया ने रुनका लाइया, तेरी कृपा ही मेरा सब कुछ है, मेरे शेरोवाली आदि भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर श्री नंगली दरबार से स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज, कैमरी आश्रम से स्वामी राजदास महाराज भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अंत में मंडल के सदस्यों ने संत समाज का आभार व्यक्त किया और सम्मानित किया। उसके बाद ईश मेहता का स्वागत और अभिनंदन किया। अंत में माता रानी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सन्नी नारंग, नरेश टुटेजा, लक्की टुटेजा, दीपक मदान, रेणु, ममता, मीनू, रमेश, पायल शुभम, चिराग, वंश ,राहुल, करण आदि रहे।

## जिले की मंडियों में 2,39,342 मीट्रिक टन धान की खरीद

सिरसा। जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2,39,342 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 109231 एमटी, हैफेड द्वारा 105108 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 25003 एमटी खरीद की गई है। इसके साथ-साथ उठान प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि बड़ागुढ़ा मंडी में 4224 एमटी, डबवाली मंडी में 30961 एमटी, कालांवाली मंडी में 67844 एमटी, फग्गु मंडी में 7435 एमटी, रानियां मंडी में 11284 एमटी, रोड़ी में 10132 एमटी, सिरसा मंडी में 23760 एमटी, सुरतिया मंडी में 5378 एमटी, थिराज मंडी में 5928 एमटी, ओढां में 11730 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई, साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी धान की आवक जारी है।

## सभी जिलों में तीन दिन तक 8 से 10 किमी लंबी पदयात्रा

# रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति व कर्तव्य की भावना को जागृत करना : जोड़ा

**फतेहाबाद में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' की तैयारियां शुरू | भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में फतेहाबाद में आयोजित होने जा रहे 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम को लेकर आज माई भारत डिपार्टमेंट के सौजन्य से सिरसा रोड स्थित दीप होटल में बैठक आयोजितकी गई। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की, सरदार पटेल के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और 'आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत' के विषय पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर बीजेपी के जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, माई भारत डिपार्टमेंट से यूथ ऑफिसर पूनम कुमारी व एनएसएस के जिला कॉर्डिनेटर रोहताश कड़वासरा मौजूद रहे।



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा। फोटो : हरिभूमि

इसमें युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी भाग ले रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति व कर्तव्य भावना को जागृत करना है। जोड़ा ने कहा कि जिला स्तरीय पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक आयोजित होंगी। सभी जिलों में तीन दिन तक 8 से 10 किमी लंबी पदयात्रा होगी। पदयात्रा से पहले माहौल बनाने के लिए स्कूलों व कॉलेजों में निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही योग एवं स्वास्थ्य शिविर तथा स्वच्छता अभियान भी होंगे। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा या चित्र पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ और प्रमाणपत्र वितरण किया जाएगा। इन गतिविधियों में भाग लेने के लिए माई भारत एप पोर्टल पर पंजीकरण जारी है।

### रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम पंचायत भवन से शुरू होगा

पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि 31 अक्टूबर को फतेहाबाद में आयोजित होने जा रही 'रन फॉर यूनिटी' को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाएंगे। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम सुबह 7 बजे पंचायत भवन से शुरू होगा। इस दौड़ का समापन एमएम कॉलेज के मैदान में होगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल को लौह पुरुष कहा जाता है, लेकिन उनकी असली शक्ति केवल दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं थी, बल्कि उनका अडिग विश्वास था, भारत एक है, भारत अखंड है और भारत सदा-सर्वदा अखंड रहेगा। यही विश्वास आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है।

## क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




**क्रेसंट स्कूल में विजेता टीम को बधाई देते प्रधानाचार्या रितु सिंधु**

*फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चारों हाउस सरदार वल्लभभाई पटेल, सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद एवं रवींद्रनाथ टैगोर हाउस में विद्यार्थियों ने अपने-अपने थीम प्रस्तुति दी। रविंद्र नाथ टैगोर हाउस के विद्यार्थी प्रथम व द्वितीय स्थान पर स्वामी विवेकानंद हाउस के विद्यार्थी तथा तृतीय स्थान पर सुभाष चंद्र बोस एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के विद्यार्थी रहे।*



## माहेश्वरी समाज के परिवार मिलन समारोह का आयोजन, प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित

सिरसा। माहेश्वरी चैरिटी ट्रस्ट के तत्वावधान में रानियां रोड स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित परिवार मिलन समारोह ने समाज में एकता, प्रेम और सांस्कृतिक गौरव की नई मिसाल पेश की। ट्रस्ट के प्रेस सचिव राम माहेश्वरी ने बताया कि समाज के सैकड़ों परिवारों की उपस्थिति में आयोजित इस भव्य समारोह में न केवल मनोरंजन का रंग बिखरा बल्कि समाज के उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित कर प्रेरणा भी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के वरिष्ठजनों द्वारा दीप प्रज्जवलन और भगवान महेश की आरती की गई। इसके बाद गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। मंच से स्वागत भाषण में माहेश्वरी प्रादेशिक सभा के संगठन मंत्री आनंद बियानी व ट्रस्ट के प्रधान कमलेश पप्पू राठी ने कहा कि परिवार मिलन केवल उत्सव नहीं बल्कि समाज की एकता और संस्कारों की पुनस्थापना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिवार और समाज के बीच का संवाद घटता जा रहा है।

## ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों व कृषि विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम चलाया

# पराली खेती में मिलाने से बढ़ती है जमीन की उर्वरा शक्तिः सुखदेव

कृषि व किसान कल्याण विभाग की टीमों व स्कूली विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने व पराली प्रबंधन के लिए ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों व कृषि विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पराली जलाने से मित्र कीट के नष्ट होने, जमीन की उर्वरा शक्ति घटने व प्रदूषण की वजह से होने वाली परेशानियों को लेकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ठोबरियां, मोडियाखेड़ा, मिठनपुरा, बुर्जकर्मगढ, रोड़ी, पनिहारी, गंगा, देसूमलकाना, अभोली, रत्ताखेड़ा, गिंदडखेड़ा, सक्ताखेड़ा, सुखेराखेड़ा, मल्लेवाला, अबूतगढ, मल्लेकां, अलीकां व जीवननगर आदि गांवों में स्कूली विद्यार्थियों व विभाग की टीमों ने ग्रामीणों को पराली न जलाने व फसल अवशेष प्रबंधन करने के लिए जागरूक किया। किसानों को बताया गया कि पराली जलाने से पशुओं के लिए चारे का संकट खड़ा होता है। यदि पराली न जला कर चारे के रूप में प्रयुक्त करें तो तूड़ी की डिमांड कम होगी और पशुओं को आसानी से चारा उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा पराली की गांठे बनाकर भी अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं।

जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि पराली में आग लगाने से अनेक ऐसे जीव है जो खेत से बाहर नहीं निकल पाते और आग की चपेट में आकर नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा आग लगाने से पेड़ पौधों को भी नुकसान पहुंचता है, यदि पराली को खेत में ही मिला दिया जाए तो यह खेती की उर्वरा शक्ति को बढाने में कारगर है।




सिरसा। पराली प्रबंधन को लेकर रैली निकाल कर जागरूक करते विद्यार्थी।

### उप निदेशक ने दी जानकारी

कृषि विभाग के उप निदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन करने वाले किसानों को सरकार द्वारा 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति पराली में आगजनी की घटना करते पाए गए तो एक एकड़ भूमि तक पांच हजार रुपये प्रति घटना, दो से पांच एकड़ भूमि तक दस हजार रुपये प्रति घटना व पांच एकड़ भूमि से ज्यादा पर तीस हजार रुपये प्रति घटना के हिसाब से जुर्माना वसूल किया जाएगा व एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन किसान की जमीन की रेड एंट्री भी की जाएगी जिस कारण संबंधित किसान दो वर्ष तक विभागीय स्कीमों का लाभ नहीं ले पाएगा और न ही अपनी फसल एमएसपी पर बेच पाएगा।

